# CBSE Class 7 Social Science Important Questions Civics Chapter 6 संचार माध्यमों को समझना

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न-

प्रश्न 1.
मीडिया या संचार माध्यम से क्या आशय है?
उत्तर:
वे सब माध्यम जिनके द्वारा हम समाज में विचारों का आदान-प्रदान करते हैं, संचार माध्यम या मीडिया कहलाते हैं।

प्रश्न 2.
जन-संचार माध्यम या मासमीडिया किसे कहते हैं?
उत्तर:
ऐसे संचार माध्यमों को, जिनकी पहुँच लाखों लोगों तथा देश-विदेश के लोगों तक है, जनसंचार माध्यम या मास मीडिया कहते हैं।

प्रश्न 3.
मास-मीडिया के किन्हीं तीन संचार माध्यमों के नाम लिखिए।
उत्तर:

- टी.वी.
- रेडियो
- अखबार।

प्रश्न 4.
जन-संचार माध्यम द्वारा अर्जित किए जाने वाले किसी एक तरीके का उल्लेख कीजिए।
उत्तर:
जन-संचार माध्यम विभिन्न वस्तुओं के विज्ञापन द्वारा धन अर्जित करते हैं।

प्रश्न 5.
लोकतंत्र में संचार माध्यमों की भूमिका क्यों महत्त्वपूर्ण है?
उत्तर:
लोकतंत्र में संचार माध्यमों की भूमिका इसलिए महत्त्वपूर्ण है क्योंकि ये देश व संसार के बारे में समाचार देकर व उन पर चर्चा कर जनमत निर्माण करते हैं।

प्रश्न 6.
संतुलित रिपोर्ट कौनसी होती है?
उत्तर:
संतुलित रिपोर्ट वह होती है जिसमें किसी भी विषय पर हर दृष्टिकोण से चर्चा की जाती है, फिर पाठकों को स्वयं अपनी राय बनाने के लिए स्वतंत्र छोड़ दिया जाता है।

प्रश्न 7.
सेंशरशिप किसे कहा जाता है?
उत्तर:
जब सरकार, समाचार के किसी अंश, फिल्म के किसी दृश्य या गीत की अभिव्यक्ति को जनसमुदाय तक पहुँचने से रोक देती है, तो इसे सेंसरशिप कहते हैं।

प्रश्न 8.
भारत में किस काल में सरकार ने संचार माध्यमों के ऊपर सेंसर लगाया था?
उत्तर:
सन् 1975 से 1977 तक के काल में।

प्रश्न 9.
सरकार द्वारा सेंसरशिप न होने पर भी आजकल अधिकांश समाचारपत्र संतुलित विवरण देने में असफल क्यों रहते हैं?
उत्तर:
संचार माध्यमों पर व्यापारिक प्रतिष्ठानों के नियंत्रण के कारण।

प्रश्न 10.
संचार माध्यम किसी खास मुद्दे के खास पक्ष पर ध्यान क्यों केन्द्रित करते हैं? कोई दो कारण बताइए।
उत्तर:

- व्यापारिक प्रतिष्ठानों के नियंत्रण तथा
- विवरण को रुचिकर बनाकर समर्थन बढ़ाने के कारण।

प्रश्न 11.
सामाजिक विज्ञापन से क्या आशय है?
उत्तर:
ऐसे विज्ञापन जिनसे समाज के किसी बड़े संदेश का प्रसारण हो, सामाजिक विज्ञापन कहलाते हैं।

प्रश्न 12.
सार्वजनिक विरोध से क्या आशय है?
उत्तर:
रैली आयोजन, हस्ताक्षर अभियान या सड़कों पर चक्का जाम लगाकर जब विशाल संख्या में एकत्रित होकर किसी विषय पर खुले में विरोध प्रकट करते हैं उसे सार्वजनिक विरोध कहते हैं।

लघुत्तरात्मक प्रश्न-

https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 1.
जनसंचार माध्यमों के लिए प्रयोग में आने वाली तकनीक और मशीनों के निरंतर बदलने से क्या लाभ होता है?
उत्तर:
जनसंचार माध्यमों के लिए प्रयोग में आने बाली तकनीक और मशीनों के निरन्तर बदलने से निम्न लाभ होते हैं-

- तकनीक तथा मशीनों को बदलकर अत्याधुनिक बनाने से संचार माध्यमों को अधिक लोगों तक पहुँचाने में मदद मिलती है।
- इससे ध्वनि और चित्रों की गुणवत्ता में सुधार आता है।
- यह हमारे जीवन के बारे में सोचने के ढंग में परिवर्तन लाती है।

प्रश्न 2.
आज हमारे लिए टेलीविजन के बिना जीवन की कल्पना करना क्यों कठिन है?
उत्तर:
आज हमारे लिए टेलीविजन के बिना जीवन की कल्पना करना कठिन है क्योंकि-

- टेलीविजन के कारण हम अपने-आपको विश्व समाज का एक सदस्य समझने लगे हैं।
- टेलीविजन में प्रदर्शित चित्र सेटेलाइट और केबल के विस्तृत जाल के माध्यम से अत्यन्त सुदूर क्षेत्रों तक पहुँचाए। जाते हैं। इसके कारण हम संसार के अन्य भागों के समाचार और मनोरंजक कार्यक्रम देख पाते हैं।
- टेलीविजन ने दुनिया को बहुत पास ला दिया है।

प्रश्न 3.
जनसंचार माध्यमों को अपना काम करने के लिए बहुत अधिक धन की
आवश्यकता क्यों होती है?
उत्तर:
जनसंचार माध्यमों को निम्नलिखित खर्चों के कारण अपना काम करने के लिए बहुत अधिक धन की आवश्यकता होती है-

- जनसंचार द्वारा उपयोग में लायी जाने वाली विभिन्न तकनीकें अत्यन्त खर्चीली हैं।
- समाचार के स्टूडियो में समाचारवाचकों, प्रसारण में लगे अन्य सहायकों को वेतन देना पड़ता है।
- जनसंचार माध्यम निरन्तर बदलते रहते हैं। इसलिए नवीनतम तकनीक जुटाने पर भी बहुत धन व्यय होता है।

प्रश्न 4.
लोकतंत्र में संचार माध्यमों की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है। सोदाहरण समझाइये।
उत्तर:
लोकतंत्र में देश और संसार के बारे में समाचार देने और उनमें होने वाली घटनाओं पर चर्चा करने में संचार माध्यमों की भूमिका अत्यन्त महत्त्वपूर्ण होती है। उदाहरण के लिए, संचार माध्यमों से नागरिक जान सकते हैं कि सरकार किस प्रकार काम कर रही है। यदि लोग चाहें, तो इन समाचारों के आधार पर कार्रवाई भी कर सकते हैं। ऐसा वे संबंधित मंत्री को पत्र लिखकर, सार्वजनिक विरोध आयोजित करके, हस्ताक्षर अभियान चला कर सरकार से पुनः उसके कार्यक्रम पर विचार करने का आग्रह कर सकते हैं।

प्रश्न 5.
'स्वतंत्र संचार माध्यमों से क्या आशय है और लोकतंत्र में इसका होना क्यों आवश्यक है?
उत्तर:
स्वतंत्र संचार माध्यमों से तात्पर्य है कि उनके द्वारा दिए जाने वाले समाचारों को कोई भी नियंत्रित या प्रभावित न करे। समाचार का विवरण देने में कोई भी उन्हें निर्देशित न करे कि उसमें क्या सम्मिलित किया जाना है और क्या नहीं?

लोकतंत्र में स्वतंत्र संचार माध्यमों की आवश्यकता-

- लोकतंत्र में स्वतंत्र संचार माध्यमों का होना आवश्यक है क्योंकि संचार माध्यमों द्वारा प्रदान की गई जानकारी के आधार पर ही हम नागरिकों के रूप में कार्रवाई करते हैं।
- स्वतंत्र समाचार पत्रों की जानकारी ही विश्वसनीय और तटस्थ होती है।
- लोकतंत्र में स्वस्थ जनमत निर्माण हेतु स्वतंत्र संचार माध्यमों का होना अत्यन्त आवश्क है।

https://www.evidyarthi.in/